BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही

दिनांक-27.02.2025

◆"आपरेशन क्लीन" के तहत जनपद के कण्डम सामानों- फर्नीचर, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लोहे की आलमारी व निष्प्रयोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों आदि की नियमानुसार की गई नीलामी

◆निष्प्रयोज्य सामानों की नीलामी से कुल धनराशि- ₹81,100/- (81 हजार 100 रुपये) राजस्व की हुई प्राप्ति, नियमानुसार कोषागृह में किया जाएगा जमा

श्रीमान् पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन क्लीन" विशेष अभियान के तहत श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देश के क्रम में जनपद के कण्डम सामानों- फर्नीचर, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लोहे की आलमारी व निष्प्रयोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों आदि की नियमानुसार निलामी हेतु गठित कमेटी (अपर पुलिस अधीक्षक भदोही क्षेत्राधिकारी भदोही/लाइंस व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन ज्ञानपुर) द्वारा आज दिनांक-27.02.2025 को पुलिस लाईन ज्ञानपुर परिसर में नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई। नीलामी की कार्यवाही के दौरान जनपद के कण्डम सामानों- फर्नीचर, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लोहे की आलमारी व निष्प्रयोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों आदि की विधि सम्मत नीलामी करायी गयी। निष्प्रयोज्य सामानों की नीलामी से कुल धनराशि- ₹81,100/- (81 हजार 100 रुपये) राजस्व की प्राप्ति हुई, जिसको राजकीय कोषागार में जमा कराया जायेगा।